संक्षिप्त विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(146)RSSB/अर्थना/मा.शि./पु.अ. ग्रेड–III/2024/ **दिनांक :11.12.2024**

–::पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती–2024::–

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–2021 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों हेतु निम्नलिखित पदों हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्र.सं./पद कोड	विभाग का नाम	पद का नाम	गैर अनुसूचित क्षेत्र	अनुसूचित क्षेत्र	कुल पद	आयु सीमा (दिनांक 01.01.2026)	वेतनमान
1.	माध्यमिक शिक्षा विभाग	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III	439	61	500	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम।	पे–मैट्रिक्स लेवल L-10
2.	संस्कृत शिक्षा विभाग		44	04	48		
		कुल योग	483	65	548		

शैक्षणिक योग्यताः–

(i) Senior Secondary with Certificate in Library Science / Bachelor in Library & Information Science/Diploma in Library & Information Science recognized by the National Council of Teacher Education/ Government.

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

आवेदन करने की अवधि:–ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क **दिनांक 05.03.2025 से दिनांक 03.04.2025** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

परीक्षा आयोजन :– पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के उक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा संभावित दिनांक 27-07-2025 को बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)/टेबलेट आधारित परीक्षा (TBT)/ऑफलाईन (ओ.एम.आर.) आधारित परीक्षा आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। इस संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

अन्य बिन्दु व सूचना:–पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

क्रमांकः प.14(146)RSSB/अर्थना/मा.शि./पु.अ. ग्रेड–III/2024/ **दिनांक :**

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड की संक्षिप्त विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति अखबार में दिनांक 12.12.2024 को राजस्थान के समस्त दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड को प्रेषित करावें।

सचिव

Signature Not Verified
Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date :10-12-2024 08:55:18

RajKaj Ref No.: 12356669